हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 21 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान इस महीने की 26 तारीख को "**मेरा बूथ सबसे मजबूत**" कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और समर्थकों के साथ बातचीत करेंगे। वह दोपहर करीब 12 बजकर, 30 मिनट पर नमो ऐप के जरिए उनसे बातचीत करेंगे।श्री मोदी ने उनसे अपने प्रश्न और सुझाव भेजने का भी आग्रह किया है।

****

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों के दौरान निर्यातकों को सशक्त बनाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और नवीन समाधानों के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया है।मंत्रालय ने कहा है कि इस अवधि के दौरान निर्यात को बढ़ावा देने और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए कई पहल की गईं। मंत्रालय ने कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निर्यातकों के लिए बढ़ा हुआ बीमा कवर पेश किया, जिससे कम लागत पर 20 हजार करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध होने की संभावना है। यह पहल भारतीय निर्यात को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगी, जिससे लगभग दस हजार निर्यातकों को लाभ होगा।

****

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूड्डा ने कल सोनीपत जिले की तीन विधानसभाओं में 11 जनसभाओं को संबोधित किया और कांग्रेस के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान सोनीपत में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान आए। कांग्रेस सरकार के दौरान ही यहां उद्योगों ने रफ्तार पकड़ी व हज़ारों रोजगार पैदा हुए। उन्होंने बीजेपी पर क्षेत्र का विकास न करवाने का आरोप भी लगाया। श्री हुड्डा ने लोगों से खरखौदा में कांग्रेस प्रत्याशी जयवीर वाल्मीकि,

गोहाना में जगबीर सिंह मलिक और बरोदा में इंदूराज नरवाल के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस दौरान बी.जे.पी के प्रदेश सचिव उमेश शर्मा, संदीप मलिक, प्रदीप मलिक, सतबीर, दीपक, हरिप्रकाश, अंकित और नरेंद्र समेत कई नेता अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए ।

****

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि इस बार हरियाणा विधानसभा के आम चुनाव में पिछले चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। स्वीप गतिविधियां तेज की गई हैं और युवाओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से वोट डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हरियाणा का मतदाता राजनीतिक रूप से जागरूक है। उन्होंने कहा कि लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में अन्य राज्यों की तुलना में यहां मतदान प्रतिशत सदैव अधिक रहा है। प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव में मतदान 68.31 प्रतिशत हुआ था। इस बार मतदान प्रतिशत बढ़े, इसके लिए आयोग के साथ-साथ हर नागरिक का कर्तव्य व अधिकार बनता है कि वे 'लोकतंत्र के इस पर्व में अपना कीमती वोट दें । उन्होंने कहा कि एक-एक वोट से ही मतदान प्रतिशत बढ़ता है।

****

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. टी.वी.एस.एन प्रसाद ने सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार से निपटने में मुख्य सतर्कता अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को अपने विभागों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पांच प्रमुख मुद्दों को रेखांकित करते हुए एक व्यापक योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यह योजना दो सप्ताह के भीतर राज्य सरकार को प्रस्तुत करने को कहा गया है। डॉ. प्रसाद कल चंडीगढ़ में विभागों के सभी मुख्य सतर्कता अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्य सतर्कता अधिकारियों के लिए अधिक स्वतंत्र और कुशलतापूर्वक ढंग से काम करने के लिए अनुकूल माहौल सृजित करने के महत्व को रेखांकित करते हुए, मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की

जरूरतों को आवश्यकतानुसार पूरा किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भ्रष्टाचार की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मुख्य सतर्कता अधिकारियों के सराहनीय प्रयास उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) में परिलक्षित होंगे।

****

यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत इंडिया-आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस स्वतंत्र व्यापार प्रभाग ने इंडिया एआई इनोवेशन चैलेंज की घोषणा की है।मंत्रालय ने कहा है कि इनोवेशन चैलेंज भारतीय नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप, विद्यार्थियों और शैक्षिक अनुसंधान एवं विकास संगठनों के लिए खुला है। इस प्रतियोगिता के लिए 30 सितंबर तक आवेदन जमा किए जा सकते हैं।मंत्रालय ने कहा कि विजेताओं को एक करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपने समाधान प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा। आवेदक 30 सितंबर तक आधिकारिक वेबसाइट www.india ai.gov.in (**डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट इंडिया ए आई डॉट जी ओ वी डॉट आइ एन)** पर आवेदन कर सकते हैं।